POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 06.09.2024

थाना झूंसी पुलिस द्वारा सनसनीखेज हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना झूंसी पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0-46/2024 धारा 302, 201 भा0द0वि0 में प्रकाश में आये 01 अभियुक्त रामआसरे निषाद पुत्र स्व0 रामगरीब निवासी भदकार थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 06.09.2024 को ग्राम नीबी कला के आगे रिंग रोड निर्माणाधीन पुलिया के पास थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

विदित हो कि दिनांक 04.02.2024 को वादी मुकदमा श्री भारत निषाद पुत्र रामआसरे निषाद निवासी ग्राम भदकार थाना झूंसी जनपद प्रयागराज द्वारा थाना झूंसी पुलिस को सूचना दी गई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी की माता बिटोला देवी उम्र करीब 45 वर्ष की धारदार हथियार से काटकर हत्या करके शव को गंगा कछार में बालू से ढक दिया गया है। इस सूचना पर थाना झूंसी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0-46/2024 धारा 302, 201 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग में विवेचना के क्रम में मृतका के पति/अभियुक्त रामआसरे निषाद उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त रामआसरे निषाद उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं तंत्र-मंत्र, जादू-टोना पर विश्वास करता हूँ, जिससे मेरी पत्नी मुझसे नाराज रहती थी तथा मुझमें व मेरी पत्नी में आये दिन खान-पान व रहन-सहन को

लेकर वाद-विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी मेरे व मेरी पत्नी के मध्य खेत में हुआ था। जिससे मैंने क्रोध में आकर अपनी पत्नी को खेत में मारा पीटा तथा उसे गंगा कछार के तरफ बालू रेता में ले जाकर हंसिया (धारदार हथियार) से पेट फाड़ कर उसकी हत्या कर दी। रात होने के कारण मैंने घटना और अपनी पत्नी के शव को छिपाने के लिए बालू को हटाकर रेत में दबा दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रामआसरे निषाद पुत्र स्व0 रामगरीब निवासी भदकार थाना झूंसी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 58 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-46/2024 धारा 302, 201 भा0द0वि0 थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 उपेन्द्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 प्रशि0 नवनीत कुमार, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 धनन्जय राय, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 पंकज कुमार, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 धनन्जय सिंह, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।